सुविचार

*अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो, अपने तरीकों को बदलों अपने इरादों को कभी नहीं।*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-17 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 2 जून 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## क्या है राज्य के नीति निदेशक तत्व क्या उनको न्यायालय द्वारा लागू करवाया जा सकता है जानिए/Directives Principles of State Policy......

भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य है एवं साथ में एक लोक-कल्याणकारी राज्य भी है। इसी लिए लोक-कल्याणकारी राज्य के नाते उसका प्रथम कर्तव्य हैं देश की जनता के हितों की रक्षा करना एवं उनके कल्याण के लिए योजनाएं तैयार करना। इसी लिए भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के भाग 04 में अनुच्छेद 36 से 51 तक राज्य के नीति निदेशक तत्वों को स्थान दिया गया है। राज्य के नीति निदेशक तत्व को हमारे संविधान में आयरलैण्ड के संविधान से लिये गए हैं। नीति-निदेशक तत्व शासन व्यवस्था के मूल आधार है एवं देश के शासकों के लिए एक अचार सहिंता है , इनका उद्देश्य शांतिपूर्ण तरीको से समाजिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त कर सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों को तत्काल सिद्ध करना है। कुलमिलाकर कहे तो नीति निदेशक तत्वों का वास्तविक महत्व यह है कि ये जनता के प्रति राज्य के दायित्व एवं कर्तव्यों के घोतक हैं। भारतीय संविधान,1950 के अनुच्छेद 36 में बताया कि की राज्य की परिभाषा क्या है? कोई भी भारत सरकार, संसद, राज्य की सरकार, राज्यो के विधान मण्डल, भारत सरकार या राज्य सरकार के भीतर उनके नियंत्रण के अधीन प्राधिकारी या अन्य स्थानीय प्राधिकारी को राज्य कहा जाता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 37 कहता है कि नीति निदेशक तत्वों को न्यायालय द्वारा लागू नहीं करवाया जा सकता है क्यूंकि इनको लागू करना प्रत्येक राज्य का कर्तव्य होता है कुलमिलाकर साधारण शब्दों में कहे तो इनको राज्यो के कर्तव्यों के माध्यम से लागू करवाया जा सकता है न कि नागरिकों के मौलिक अधिकार से। संविधान अधिनियम के अनुच्छेद 38 में बताया गया है कि राज्य का प्रथम कर्तव्य है की वह प्रत्येक नागरिक के लिए सामाजिक, आर्थिक, एवं राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करे। इस प्रकार हम कह सकते है कि भारतीय संविधान में वर्णित नीति निदेशक तत्व भारत सरकार एवं राज्यों की सरकार के लिए एक दिशा निर्देश है एवं एक लोक-कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिए राज्य सरकार का कर्तव्य है की इनको लागू करवाए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**नोट-** निरन्तर लेखों में हम सम्पूर्ण राज्य नीति निदेशक तत्वों को सामान्य एवं सरल भाषा में जानकारी देगें।

## आम व्यक्ति को कब पुलिस और मजिस्ट्रेट की सहायता का कानूनी अधिकार प्राप्त होता है जानिये/legal advice...

हमारा देश भारतीय संविधान के अनुसार चलता ओर भारतीय संविधान की प्रस्तावना ही हम भारत के लोग,, से प्रारंभ होती है। इसलिए भारत की जनता को भी भारतीय कानूनों में बहुत सारे संवैधानिक अधिकार दिए गए है उनमें से जनता को पुलिस और मजिस्ट्रेट की सहायता करने का अधिकार दण्ड प्रक्रिया सहिता में प्राप्त हैं जानिए।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धार 37 की परिभाषा?

उक्त के अंतर्गत भारत के व्यक्ति को पुलिस एवं मजिस्ट्रेट की सहायता करने का निम्न प्रकार से अधिकार प्राप्त है जानिए:-

(क). कोई ऐसा आरोपी या अपराधी जिसे मजिस्ट्रेट या पुलिस गिरफ्तार करने का अधिकार रखते हैं, तब ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी करवाने में सहायता करना।

(ख). कोई व्यक्ति जो परिशांति भंग करता है तब उसे पकड़कर पुलिस या मजिस्ट्रेट को सौपना।

(ग). किसी रेल, नहर, डाकघर, शासकीय टेलीफोन तार, या लोकशान्ति को क्षति पहुंचाने के प्रयत्न का निवारण करने के लिए।

### भोपाल गौरव दिवस कार्यक्रम में हुई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

# भोपाल में बनेगा International cricket स्टेडियम : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ था और भोपाल 1 जून 1949 को स्वतंत्र हुआ। आज हम भोपाल का स्वतंत्रता दिवस, गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। अनेक लोगों ने भोपाल की आजादी के लिए विलीनीकरण में हिस्सा लिया था। यह उनको याद करने का दिन है। भोपाल केवल नवाबों का शहर नहीं राजा भोज द्वारा बसाया गया शहर है।

भोपाल के तालाब में राजा भोज की प्रतिमा लगाई है, जो भोपाल की पहचान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में भोपाल गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में भोपाल विलीनीकरण आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजन का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रानी कमलापति ने अपने स्वाभिमान और नारी सम्मान के लिए छोटे तालाब में समाधि ले ली थी। बच्चों को इतिहास से अवगत कराने के लिए हबीबगंज रेल्वे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति कर दिया है। इसी तरह इस्लामनगर का नाम जगदीशपुर कर दिया गया है। हमारा भोपाल हिन्दुस्तान में स्वच्छतम राजधानी है। स्वच्छता में भोपाल को नम्बर एक बनाना है। इसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में नशे का अपराधिक कृत्य नहीं चलने देंगे। भोपाल का इतिहास बहुत गौरवशाली है। राजाभोज सुशासन के सूत्र थे। हमारे प्राचीन इतिहास, परम्परा और जीवन मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया गया है। भोपाल का विकास आगे बढ़ा है। इसे और आगे बढ़ाना है। भोपाल को स्वच्छता में नम्बर एक पर भी लाना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आगामी वर्ष से भोपाल गौरव दिवस पर 1 जून को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। भोपाल में कन्वेशन सेंटर बनाया जाएगा। तालाब के ऊपर से रोप-वे चलाने की व्यवस्था की जाएगी। भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भोपाल को दुनिया के शहरों में नम्बर एक बनाने के लिए सभी संकल्प लें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भोपाल शहर की ऐतिहासिक और पुरात्विक विरासत और विकास पर आधारित लेजर-शो का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में हास्य कलाकार कृष्णा अभिषेक, सुरेश, गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला और गायिका श्रेया घोषाल ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।



मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

### विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारियों की समीक्षा

# पर्यावरण-संरक्षण से आमजन को जोड़ने के प्रयास बढ़ायें- मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पर्यावरण-संरक्षण से आमजन को जोड़ने के लिए राज्य में अनेक प्रयास हुए हैं। इन प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता है। विश्व पर्यावरण दिवस, 5 जून पर अंकुर अभियान से जुड़े नागरिकों और संगठनों, यूथ फॉर लाइफ से जुड़े युवा साथियों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्बद्ध औद्योगिक इकाइयों और पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली स्वंयसेवी संस्थाओं को अधिक से अधिक संख्या में आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री यूथ फॉर लाइफ कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे प्रतिदिन पौध-रोपण करते हैं। पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या में इस गतिविधि से जुड़ते जा रहे हैं। नागरिक विभिन्न अवसर पर पौधे लगाने का कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में नागरिक सजग एवं सक्रिय हुए हैं। पर्यावरण, वन विभाग और अन्य शासकीय और अशासकीय संस्थाएँ निरंतर रूप से हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को बचाने के कार्य में गतिशील रहें।जानकारी दी गई कि भोपाल में रवीन्द्र सभागम के मुख्य सभागृह हंसध्वनि में 5 जून को पूर्वान्ह 10 बजे से पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्य अतिथि रहेंगे। पर्यावरण तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य-योजना के लिए तैयार किए गए दस्तावेज का विमोचन किया जाएगा।

# नेपाल के प्रधानमंत्री का दो दिवसीय इंदौर-उज्जैन प्रवास



**भोपाल।** नेपाल के प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल प्रचंड 2 जून को वायुयान द्वारा सुबह 10 बजे इंदौर आयेंगे। वे यहाँ से महाकालेश्वर उज्जैन के लिए रवाना होंगे। दोपहर में पुनः इंदौर आकर मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के साथ बैठक करेंगे। शाम को सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भ्रमण करेंगे। इंदौर के होटल मेरियट में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आयोजित रात्रि भोज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। अगले दिन 3 जून को प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल पूर्वान्ह टी.सी.एस. और इन्फोसिस इकोनॉमिक झोन का भ्रमण करेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के साथ सुश्री गंगा दहल, नेपाल के विदेश मंत्री श्री नारायण प्रकाश सोद, वित्त मंत्री डॉ. प्रकाश शरन महत, ऊर्जा एवं जल-संसाधन मंत्री श्री शक्ति बहादुर बासनेत, भौतिक एवं परिवहन मंत्री श्री प्रकाश ज्वारला, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री श्री रमेश रिजल, प्रधानमंत्री के सलाहकार श्री हरिबोल प्रसाद, मुख्य सचिव श्री शंकरदास बैरागी और नेपाल के विदेश सचिव श्री भरतराज पौड्याल भी इंदौर आएंगे।

# राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन में निःशुल्क रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन के सांदीपनि सभागार में निःशुल्क रक्तदान शिविर का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं के साथ चर्चा की और उनकी सेवा-भावना के प्रति आभार माना। चिकित्सकों के पीड़ित मानवता के सेवा-संकल्प की सराहना भी की। रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. गगन कोल्हे, महासचिव श्री प्रदीप त्रिपाठी, चिकित्सा कर्मी, राजभवन डिस्पेंसरी के चिकित्सक डॉ. बी. के. श्रीवास्तव, डॉ. संगीता जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी उपस्थित थे।

# प्रदेश एवं जिले की प्रवीण्य सूची में 10 वीं व 12वीं में सम्मिलित छात्रों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट**

राजगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय के छात्र-छात्राए जो माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रदेश की प्रवीण्य एवं जिलें की प्रवीण्य सूची में सम्मिलित छात्र है। उन्हें कलेक्टर श्री हर्ष दीक्षित द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश की प्रवीण्य एवं जिलें की प्रवीण्य सूची में सम्मिलित 10वीं के छात्रों में कु. जीवन धनगर शास. मॉडल स्कूल ब्यावरा, कु. शीतल कुशवाह मानस हायर सेकेण्डरी ब्यावरा, कु. कल्पना मालवीय सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर, कु. भावना शिवहरे सरस्वती शिशु मंदिर ब्यावरा, कु. प्रियांशु प्रजापति शास. बालक उमावि सारंगपुर, कु. दीक्षिका चावालकर शास. मॉडल स्कूल सारंगपुर, कु. सुदिती चौहान रॉयल हाईटस हा.से. जीरापुर, कु. निशी गुप्ता ब्यावरा पब्लिक स्कूल ब्यावरा, कु. प्रिया गुर्जर मानस हा.से. ब्यावरा, कु. रवीना दांगी शास. कन्या उमावि, अलोक



पाल कौशल्या देवी पब्लिक स्कूल कुरावर, अजय जामलिया शास. उमावि कुरावर तथा 12वीं के छात्रों में कु. भूमिका शाक्यवार मानस हा.से. स्कूल ब्यावरा, कु. सपना पुष्पद सरस्वती विद्या मंदिर हासे स्कूल सारंगपुर, कु. तनु सौलंकी शास. कन्या उमावि खिलचीपुर, कु. बुलबुल प्रजापति माँ सरस्वती एकेडमी जीरापुर तथा कु. ऐश्वर्या तोमर रॉयल हाईटस हा. से. जीरापुर को सम्मानित किया गया।



## लीलाधर अहिरवार पहुंचे व्योहारी पंच ज्योति शक्तिपीठ

**युवा प्रदेश न्यूज नेटवर्क**





नरयावली विधानसभा के संभावित उम्मीदवार लीलाधर अहिरवार ने आज अपने समर्थकों के साथ शहडोल जिले के व्योहारी में पंच ज्योति शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर श्री शक्ति पुत्र जी महराज का आशीर्वाद प्राप्त किया व आगामी नरयावली विधानसभा से संबंधित चर्चा की गुरुजी ने आशीर्वाद दिया एवं उनके कार्यालय के केन्दीय महासचिव श्री अजय अवस्थी जी से भी विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ मे भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य शामिल रहे शहडोल, कटनी आदि जिले के साथियों से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की आपका लीलाधर अहिरवार 8319755613

# पंडित नेहरू बच्चों को बहुत प्यार करते थे इसीलिए बच्चे इनको चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे-प्रेम कुमार त्रिपाठी

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। पण्डित जवाहर लाल नेहरू स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी थे।पंडित नेहरू बच्चों को बहुत प्यार करते थे इसीलिए बच्चे इनको चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उक्त आशय के सारगर्भित विचार पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनूपपुर एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी ने उनकी पुण्यतिथि पर उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि 27 मई 1964 को इनकी मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हो गयी,ये मृत्युपर्यन्त प्रधानमंत्री रहे।इनका जन्म दिवस प्रतिवर्ष 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को हुआ था। ये अपने राजनीतिक जीवन में कुल 9 बार जेल गए। 1916 में होमरूल लीग की स्थापना के अगले वर्ष 1917 में ही नेहरू लीग में शामिल हो गए और 1919 ई. में वह गाँधी जी के संपर्क में आये और यहीं से इनको एक राजनीतिक मार्गदर्शक मिला। 1920 में इन्होंने गाँधी जी के असहयोग आंदोलन में भी हिस्सा लिया और इसी दौरान ये पहली बार गिरफ्तार किये गए और कुछ महीनो के लिए जेल गए। 1926 से 1928 तक इन्होने अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव के रूप में कार्य किया। 1929 में हुए कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में इन्हें अध्यक्ष चुना गया और इसी सत्र में देश के लिए पूर्ण स्वराज की मांग की गयी। 26 जनवरी 1930 को नेहरू जी ने लाहौर में भारत का झंडा फहराया और इस दिन को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की यही कारण है कि आजादी के बाद सन 1950 में इसी दिन संविधान को लागू कर गणतंत्र की स्थापना की गयी। इन्हें 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया गया और बाद में 1945 में रिहा कर दिया गया। 1944 में इन्होंने



÷भारत एक खोज÷ नामक प्रसिद्ध पुस्तक लिखी।15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिलने के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू को स्वतंत्र भारत का प्रथम प्रधानमंत्री बनाया गया। नेहरू जी 16 साल 9 माह और 13 दिन तक भारत के प्रधानमंत्री रहे जो कि प्रधानमंत्री के तौर अब तक का सबसे लम्बा कार्यकाल है। उस समय देश के आगे सबसे बड़ी चुनौती थी देशी रियासतों को भारत में सम्मलित करना जो की अंग्रेजो की नीतियों के कारण स्वतंत्र हो गयी थी। उस समय देश में कुल 562 रियासतें थी। नेहरू सरकार के विरुद्ध पहली बार अविश्वास प्रस्ताव चीन युद्द के समय लाया गया। 1955 ई. में इन्हे भारत रत्न से सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर प्रमुख रूप से श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी,जिलाध्यक्ष कांग्रेस पिछड़ा वर्ग रजन राठौर,वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद दीपक शुक्ला,वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद मोहम्मद रियाज अहमद,पूर्व पार्षद रामाधार बैगा वरिष्ठ कांग्रेस नेता तौहीद बाबा खान, एडवोकेट संजीव द्विवेदी,संदीप गर्ग पत्रकार चैतन्य मिश्रा,हिमांशु बियानी के साथ ही काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## नगर परिषद कर्मियों के न्याय के लिए भोपाल जाऊंगा- डॉक्टर चौहान।

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर/राजनगर- विगत 5 दिवस से नगर परिषद बनगवां से पृथक हो चुके पूर्व नगर परिषद कर्मियों का क्रमिक सत्याग्रह संचालित है। पूर्व नगर परिषद कर्मी अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार नगर परिषद बनगवां के सामने आंदोलनरत है। सत्याग्रह के इस माहौलनुमा गर्मी में अपना समर्थन लेकर पूर्व डिप्टी डायरेक्टर और कोतमा विधानसभा के चर्चित चेहरे डॉक्टर चौहान सामने आए है। नगर परिषद बनगवां के सामने लगातार अपने आंदोलन को आगे बढ़ा रहे पृथक हो चुके पूर्व नगर परिषद कर्मियो को आश्वासन देते हुए डॉक्टर चौहान ने बताया कि नगर परिषद बनगवां पूरी तरह से अपने भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुका है।



## सीईओ जिला पंचायत ने किया गोठनों का निरीक्षण

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**



जगदलपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे ने शनिवार को जनपद बकवांड के झारउमरगांव, डोडरेपाल, जगदलपुर जनपद के धुरगुड़ा और कुमारावंड में संचालित गोठनों की गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने गोठान में महिला समूह के सदस्यों से चर्चाकर उनकी आर्थिक विकास और समूह द्वारा बनाएं जा रहे वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता का भी संज्ञान लिया। सीईओ श्री सर्वे ने गोठनों में पशुओं की उपस्थिति सतत बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही गोठनों में पानी, चारा,पैरा की उपलब्धता के साथ गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण व विक्रय के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जगदलपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौतम पाटिल, एपीओ मनरेगा पवन सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छग में 5 कुख्यात नक्सली गिरफ्तार



**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

बीजापुर। जिले के आवापल्ली व तर्रेम थाना क्षेत्र में पुलिस की संयुक्त टीम ने 5 जन मिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया हैं। इनमें से 4 तर्रेम में एक ग्रामीण की हत्या में शामिल थे, जबकि 1 अन्य को सरकार विरोधी पाम्पलेट व पर्चे के साथ पकड़ा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को माओवादी विरोधी अभियान के तहत आवापल्ली थाना से जिलाबल व सीआरपीएफ 168 व 222 बटालियन की संयुक्त टीम बायगुड़ा, पुसकोंटा की तरफ निकली हुई थी। अभियान के दौरान पुसकोंटा व बायगुड़ा के बीच जंगलों में पुलिस पार्टी को देखकर छुप रहे एक संदिग्ध को पकड़ा गया। उससे पूछताछ करने पर अपना नाम गणपत मडक़म( जन मिलिशिया सदस्य) पिता मुत्ता मडक़म निवासी पुसकोंटा का होना बताया। उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर 15 नक्सल पर्चे व एक लाल रंग का बैनर मिला। जिसमें शासन विरोधी नारे लिखे हुए थे। पकड़ा गया जन मिलिशिया सदस्य 13 फरवरी 2022 को बासागुड़ा थाना में पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल था। उस घटना में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट शहीद हो गए थे। वहीं बुधवार को तर्रेम थाना व सीआरपीएफ 153 व 168 की संयुक्त टीम ने तर्रेम के तुर्रीपारा में हुए ग्रामीण की हत्या में शामिल 4 जन मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया।

# उच्चतम अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीणता सूची में शामिल होकर जिले को गौरान्वित करने वाले तीन विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**अनूपपुर।** खुद से की गई मेहनत के परिणाम सफलतादायी होते हैं। हमेशा बड़ी जिम्मेदारी उठाने के बारे में सोचें। लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें, सफलता जरूर हासिल होगी। उक्ताशय का मोटीवेशन कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उच्चतम अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शामिल होकर जिले को गौरान्वित करने वाले विद्यार्थियों से कलेक्टर चेम्बर में चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश?य से कही। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के तीन विद्यार्थियों तथा उनके परिजनों को सम्मानित करने के उद्देश?य से कलेक्टर कार्यालय में आमंत्रित किया था। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम अनूपपुर एवं जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती दीपशिखा भगत, डिप्टी कलेक्टर श्री दीपक पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.आर. आर्मो, जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजक श्री एस.के. बाजपेयी, रमसा के एडीपीसी श्री देवेश सिंह, सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं उनके परिजन उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रदेश स्तर की प्रावीणता सूची में स्थान हासिल कर जिले को गौरान्वित करने वाले कक्षा 10 वीं में 500 में से 486 अंक प्राप्त कर 97.2 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने



वाली छात्रा कुमारी महक शिवहरे पिता श्री शिवम शिवहरे माता श्रीमती रेनुका शिवहरे, कक्षा 12 वीं के गणित संकाय में 500 में से 484 अंक प्राप्त कर 96.8 प्रतिषत परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्र अमन कुमार पनिका पिता सुनील कुमार पनिका माता श्रीमती विमल पनिका तथा कक्षा 12 वीं के जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 480 अंक प्राप्त कर 96 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने वाली छात्रा कुमारी भूमि गुप्ता पिता श्री अनिल कुमार गुप्ता माता श्रीमती रीता गुप्ता को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने अभिभावकों को बच्चों को सही दिशा देकर उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के कार्य में सहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संबल प्रदान करने हर संभव मदद की जाएगी। जब भी आवश?यकता हो, तो वह सीधे मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आत्मीय बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि आगामी जुलाई माह से विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग के लिए कोचिंग क्लास प्रारंभ की जाएगी। जिससे विद्यार्थी लक्ष्य के अनुरूप परीक्षा की तैयारी कर सफलता अर्जित कर सकें।

# गुरु रविदास व अम्बेडकरी मिशनरी गायक कविराज उमेश ने महापुरुषों के जीवन पर दी शानदार प्रस्तुति





**मूलचन्द मेधोनिया वरिष्ठ पत्रकार भोपाल**

नगतरा। सोहागपुर जिला नर्मदापुरम गुरु देव श्री रविदास फूले अम्बेडकरी मिशनरी गायक कविराज उमेश एन्ड पार्टी के द्वारा हथवांस पिपरिया में मिशनरी गायन के पश्चात उनकी प्रस्तुति ग्राम नगतरा सोहागपुर जिला नर्मदापुरम में अहिरवार समाज के सम्मानित वरिष्ठ श्री शिवप्रसाद अहिरवार जी भगत जी के नाती चिरंजीवि दुर्गेश के विवाहोत्सव समारोह के मौके पर जिला नरसिंहपुर के बीतली निवासी कविराज श्री उमेश राज की गायन वादन की शानदार प्रदर्शन हुआ। जिसमें बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों के कारवां पर संगीतमय कार्यक्रम रहा। जिसकी सामाजिक लोगों ने मुक्त कंठ से प्रसांश की, वहीं लोगों के द्वारा गायन पार्टी की एक से बडकर एक प्रस्तुति लाजवाब थी।अनुसूचित जाति समाज के सक्रिय समाजसेवी एवं अहिरवार समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री रमेश बामने जी पूर्व कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष इटारसी जिला नर्मदापुरम की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम जी अहिरवार के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया सहित, श्री गनेश अहिरवार रामपुर, श्री राजू ठेकेदार, श्री मोहन अहिरवार हथवांस, श्री राधेश्याम अहिरवार, श्री हेमराज अहिरवार पिपरिया, श्री गेदालाल अहिरवार रामपुर, श्री खुशीलाल अहिरवार पूर्व सरपंच खापरखेडा, श्री गुमान मांडले होशंगाबाद, श्री करोडीलाल गोलिया हथवांस, श्री बृजेश आर्य होशंगाबाद, श्री सुदामा प्रसाद अहिरवार, भोपाल श्री कैलाश चौधरी गढाघाट, श्री प्रजापति जी, श्री धर्मेन्द्र वंशकार पिपरिया, श्री श्री खुराना जी, गेदालाल अहिरवार अकोला सोहागपुर सहित गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी एवं होशंगाबाद व रायसेन के अहिरवार समाज के अनेकों सामाजिक नागरिकों की गौरवशाली उपस्थित रही। सभी ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया एवं सफल आयोजन पर बधाई देते हुए सराहना की। विशेष तौर पर वधु के पिता जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिन्होंने एक छोटे से गांव में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के मिशन पर जन जागरण कर रहे कविराज उमेश राज के कार्यक्रम में भरपूर सहयोग प्रदान किया। पिपरिया अहिरवार समाज में दिन रात बौद्ध धम्म संगोष्ठी चलाने वाले श्री सी. एल. बौद्ध के कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की जो कि लगातार पिपरिया जिला नर्मदापुरम में समाज के बीच कुरीतियों के खिलाफ इस तरह के कार्यक्रम कराने के लिए लोगों को और समाज को प्रेरित करते हैं।

# शालेय राष्टीय फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु शहडोल संभाग के दो खिलाड़ी हुए चयनित



**कैलाश कुमार/ युवा प्रदेश - सह संपादक**

**शहडोल।** 66,वी शालेय राष्टीय फुटबॉल 19 वर्ष आयु वर्ग में शहडोल संभाग के 2 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमे शहडोल जिले से राहुल लोधी, अनूपपुर जिले से अनिकेत साकेत का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 6 जून से 13 जून 2023 तक भोपाल मध्य प्रदेश में जिसका फ्री नेशनल कोचिंग कैंप 1 जून 2023 से भोपाल में आयोजित किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को कमिश्नर शहडोल संभाग शहडोल श्री राजीव शर्मा,एडीजी शहडोल जोन श्री डीसी सागर, श्री पंकज कुमार सहायक मंडल अभियंता रेलवे शहडोल, श्री हिदायतुल्लाह खान जिला जज डिंडोरी जिला, श्री सहदेव सिंह मेरावी जेडी शिक्षा विभाग शहडोल संभाग, श्रीमती डॉ. उषा सिंह डीसी शहडोल संभाग, रईस अहमद सहायक संचालक खेल, सेख खलील कुरेशी जिला खेल अधिकारी अनूपपुर , वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों ने दी बधाई।

# करपा-सरई सड़क मार्ग निर्माण का औचक निरीक्षण पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने किया



**अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण जनो की शिकायत पर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे करपा- सरई सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी न की जाए।गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई की जाएंगी। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को से क्षेत्रीय लोगों ने तीन दिन पूर्व शिकायत की थी कि करपा-सरई सड़क निर्माण में ठेकेदार गड़बड़ी कर रहा है।शिकायत के आधार पर विधायक जी ने मौके पर पहुंच कर निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान विधायक ने ठेकेदार से कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच इंजीनियर से कराई जाएगी। अगर गड़बड़ी मिली तो कार्यवाही कराई जाएगी।

# लगन से किया गया कार्य से सफलता कदम चूमती है- अभिषेक राजन।

## लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया हुआ समर कैंप का समापन

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक रवि कुमार गुप्ता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक टीटी नगर स्टेडियम संयुक्त संचालक डॉ विनोद प्रधान संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव के दिशा निर्देश में अनूपपुर जिला कलेक्टर आशीष वशिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक राजन के दिशा निर्देश में आज दिनांक 31 मई को ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन जिला खेल परिसर अनूपपुर में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक राजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी रहे हैं कार्यक्रम के अध्यक्षता के रूप में एसडीओपी अनूपपुर कीर्ति सिंह बघेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला वालीबाल संघ के जिलाअध्यक्ष चैतन्य मिश्रा रहे हैं मुख्य अतिथि महोदय अभिषेक राजन ने कहा की खेल से बहुत से अधिक से अधिक सफलताएं मिल सकती हैं आप अगर लगन से कोई कार्य करते हो तो आपको सफलता आवश्यक मिलेगी । आप सभी हमेशा तन मन से खेल या पढ़ाई करो ताकि आप अधिक ऊंचाइयों तक पहुंच सके यह विचार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा एसडीओपी अनूपपुर कीर्ति सिंह बघेल ने कहा की आजकल महिलाएं या लड़कियां कितना आगे तक बढ़ गई हैं आप बढ़-चढ़कर के खेल में भाग ले ताकि आप आगे तक हमेशा सफलता को चुने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा कि हमारे एडिशनल एसपी महोदय जब से खेल विभाग के जिला खेल अधिकारी प्रभार में हुए हैं तबसे खेल विभाग का कायाकल्प ही बदल गया है और एसडीओपी अनूपपुर ने भी इनसे कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा खेल को आगे बढ़ाने में सहयोग किया है क्योंकि खेल विभाग पुलिस विभाग की एक शाखा है जो विद्यार्थी यहां भाग लिए हैं और एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया है वह बधाई के पात्र हैं अब इसमें आप इसी तरह भाग लेते रहे और घर जाकर के आगे भी कार्यक्रम में भाग लेते रहे यह कार्यक्रम एक मई से 31 मई 2023 तक चला जिसमें जिले से 468 खिलाड़ियों ने भाग लिया इसमें जैतहरी ब्लॉक से 223 खिलाड़ी अनूपपुर ब्लॉक 100 खिलाड़ी एवं पुष्पराजगढ़ ब्लॉक से 40 खिलाड़ी कोतमा ब्लॉक से 105 खिलाड़ी भाग लिए हैं जिसमे समस्त सम्मिलित खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि महोदय अध्यक्ष महोदय एवं विशिष्ट अतिथि महोदय के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं डेमोंसट्रेशन के रूप में कराटे का एक खेल का प्रदर्शन कराया गया जिससे लोगों के बीच में एक प्रेरणा बनी रहे कार्यक्रम में जो प्रशिक्षण करता रहे उनको भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल विभाग के जिला कोच वालीबाल रामचंद्र यादव विकासखंड समन्वयक जैतहरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल मिथिलेश सिंह नेताम विकासखंड समन्वयक कोतमा खेलन प्रसाद कोल खंड समन्वयक पुष्पराजगढ़ पूरन सिंह श्याम धनीराम बनवासी रूपाली जायसवाल रोहित सिंह मनीषा बर्मन जीतू राम लोगों का पूर्ण सहयोग रहा है कार्यक्रम का भव्य मंच संचालन दिनेश कुमार सिंह चंदेल ग्रामीण युवा समन्वय खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र एवं राष्टीय ट्रेनर एवं स्टेट रेफरी द्वारा किया गया।






# शराब घोटाले को लेकर शराब दुकान के सामने युवा मोर्चा और महिला मोर्चा ने किया कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में 2000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में चांदनी चौक शराब दुकान के सामने पहुंचकर कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा के विरोध में जमकर नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया और चांदनी चौक के समीप शराब दुकान व आसपास के दीवारों में कांग्रेस सरकार के विरोध वाले पोस्टरों को भी चिपकाया गया। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2018 के चुनाव के वक्त हाथ में गंगाजल लेकर यह कसम खाई थी कि उनकी सरकार आते ही सर्वप्रथम छतीसगढ़ राज्य में पूर्ण शराबबंदी करेगी लेकिन जिस कांग्रेस का इतिहास ही भ्रष्टाचार भरा हुआ रहा है वह कैसे शराबबंदी कर कुशल शासन चलाएगी, शराब बंदी करना छोड़ कांग्रेस की सरकार उसी शराब में ही 2000 करोड़ रुपए का महा घोटाला कर मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस के सारे विधायक अपने जेब भरने में मशगूल हो चुके हैं,



कांग्रेस सरकार के शहपर शराब के बिचौलियों के माध्यम से छतीसगढ़ के प्रत्येक शहरो से लेकर गांवो तक के गलियों में खुले तौर पर शराब बिक रहा है, किंतु सरकार इस पर लगाम लगाना तो दूर खुद ही शराब घोटाला कर जनता के पैसों का खुले तौर पर दुरुपयोग कर रही है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इनकी सरकार ने महिलाओं के साथ पूर्णरुप से विश्वासघात किया है महिलाओं ने चुनाव के वक्त शराबबंदी के झूठे वादों को सच मानकर कांग्रेस पार्टी को वोट दिया था ताकि उनका घर और समाज एक स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके लेकिन इसके उलट आज घर-घर में शराब पहुंच रहा है जिससे उनके परिवार का भविष्य गर्त पर जा रहा है, कांग्रेस सरकार में महिलाएं अब सुरक्षित नहीं रही शराब के नशे में उपद्रवी,असामाजिक तत्व महिलाओं के साथ बलात्कार एवं अत्याचार, कत्ल जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिस पर कांग्रेस सरकार चुप्पी साधी हुई है और ना ही महिलाओं को इस सरकार में सुरक्षा मिल रहा है। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक संतोष बाफना,जगदलपुर विधानसभा प्रभारी निखिल राठोर,जयराम दास,महेश कश्यप,राजपाल कसेर,प्रकाश झा,रामकुमारी यादव,ममता सिंग राणा,किरण सेन,महेश्वरी ठाकुर,कुसुम परिहार,अन्नपूर्णा नायडू,पिंटू साव,मनोज पटेल,रमन चौहान,रोहित खत्री,डिकेश नाग, विकास पात्रों,यजूवेंद्र सिंग,हरीश पारेख,राजू राव,चिक्कम भारती,सुरेश कश्यप, अनिमेष चौहान,राज पांडे,निहाल तिवारी,अमित रामटेके,पवन गुप्ता,परेश ताटी,जीत,अनीश आचार्य,जय पांडे,डाकेश्वरी पांडे,किरण दीवान,कौशल्या साहू,सुधा गुप्ता,शशी ठाकुर,माधवी मंडल सहित भाजयुमो व महिला मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थि रहे।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

## प्रभारी मंत्री आदरणीय कवासी लखमा जी मेरी बात सुनना नही चाहतें

**लक्ष्मण पिल्लेई की खबर**

मैं विधायक बीजापुर की कार्यशैली से नाराज था इस बात से मंत्री कवासी लखमा जी एवं माननीय मुख्यमंत्री से को अवगत भी करवाया था। पर किसी ने मेरी बात को गंभीरता से नही लिया इस बात की जानकारी मैने प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम जी एवं जिला अध्यक्ष लालू राठौर को भी अवगत करवाया ।। मेरी बात किसी ने नही सुनी अंततः मुझे मीडिया का सहारा लेना पड़ा और मैने अपनी बात मीडिया के माध्यम से रखा माननीय मोहन मरकाम जी ने नोटिस भेजा जिसका जबाब मैंने देते हुए गलती के लिए माफी मांगा वावजूद मुझे निलंबित कर दिया गया पार्टी से उसके बाद मेने प्रभारी मंत्री जी से कई बार मिलना चाह पर माननीय प्रभारी मंत्री कवासी लखमा जी कोई रिस्पॉन्स नही दिया ।। आज दिनांक को 1 जून 2023 को मंत्री कवासी लखमा बीजापुर प्रवास पर है उनके नम्बर 9425260144 पर काल कर आज भी मिलना चाह पर उनके पीएसओ मीटिंग में होने की बात की जबकि मीटिंग खत्म होने की जानकारी मिलने की बाद ही मैंने काल किया ।। मंत्री लखमा मेरी बात सुनना नही चाहते चूंकि विधायक विक्रम मंडावी लखमा जी को मेरे को लेकर गुमराह कर रखे है ।। विधायक बीजापुर माननीय सीएम साहब प्रदेश अध्यक्ष के साथ मंत्री कवासी लखमा को गुमराह कर सही व सच्चाई बात को सामने लाना देना नही चाहते मेरा करबद्ध निवेदन है कि विधायक की बात आपने सुन ली मेरी बात भी एक बार सुन ली जाए ।। एक बार आप मुझे ओर विधायक को आमने सामने बैठाकर बात सुनी जाए साफ हो जाएगा कि गलत कौंन ओर सही कौंन मैने पार्टी के प्रति हमेशा से समर्पित रहा हूं और रहूंगा।



## नेशनल हाईवे 30 में ट्रक ड्राइवर की हुई दर्दनाक मौत

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

कोण्डागांव। आज सिटी कोतवाली कोण्डागांव अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर बनियागांव में दो ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में सिटी कोतवाली कोंडागांव के टीआई निरीक्षक प्रह्लाद यादव ने बताया कि, कैलाश बिसोई (38) ओडिशा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचए 6407 को लेकर रायपुर की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान दिलीप कुमार (56) रायपुर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचए 6407 को लेकर जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था। दोनों ही ट्रक जैसे ही बनियागांव के पास पहुंचे, नेशनल हाईवे-30 पर दोनों की आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। आमने-सामने की इस जबरदस्त भिड़ंत में दिलीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कैलाश को 108 एंबुलेंस के सहायता से गंभीर हालत में कोण्डागांव के जिला अस्पताल ले जाया गया है।




## बर्खास्त पटवारी गिरफ्तार, तहसीलदार ने की थी शिकायत

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

जगदलपुर। दो साल से दस्तावेज लेकर फरार होने वाले बर्खास्त पटवारी पर पुलिस ने सोमवार को एफआईआर दर्ज की और तत्काल गिरफ्तार भी कर लिया है। मामले में पुलिस ने पटवारी के पास से राजस्व संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए हैं। सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि तत्कालीन तहसीलदार पुष्पराज पात्रा ने थाने में एक शिकायत दी थी। इस शिकायत में उन्होंने लिखा था कि पटवारी प्रेमकांत पांडे राजस्व विभाग से संबंधित दस्तावेज को लेकर गायब है। तहसील कार्यालय जगदलपुर से पटवारी प्रेमकांत पाण्डे को निलंबन पश्चात् शासकीय दस्तावेज धरमपुरा पटवारी हल्का नं.30 का राजस्व अभिलेख नक्शा खसरा तथा बी-1 आदि दस्तावेज को नव पदस्थ पटवारी को चार्ज दिलाने के लिए कई बार संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई, लेकिन नहीं मिला और आज पर्यंत तक चार्ज नहीं दिया है। इसके बाद पटवारी के खिलाफ धारा 409 आईपीसी के तहत की गई और उसे गिरफ्तार किया है। पटवारी से राजस्व विभाग से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पटवारी की गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



# 2 हजार नोट की वापसी के फैसले का नक्सलियों ने किया विरोध

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

रायपुर। भाकपा (माओवादी) ने दो हजार नोट की वापसी के फैसले का विरोध करते हुए एक जनांदोलन के लिए आमंत्रित किया है। पार्टी ने कहा कि यह पीएम मोदी ने अडानी,अंबानी और टाटा को डिजिटल करेंसी उपलब्ध कराने किया है। प्रवक्ता समता ने एक बयान में कहा कि 2016 की नोट बंदी के समय में 106 जन मारे गये थे।1.40 लाख सूक्ष्म, छोटे और मंझोली कम्पनियां बंद हुई. 40 करोड़ आबादी काम बंद हो गया ।फिर भी काला धन का पता नहीं मिला था। उस समय नोट बंदी के कारण देश का अर्थ व्यवस्था को 5 लाख करोड़ का नुकसान हुआ था।यह धन राशि फिर जनता से कर के रूप में वसूला था।आज देश का जीडीपी 250 लाख करोड़ है।व94त्र आबादी असंगठित क्षेत्र में जीवन यापन कर रहे है।कुछ आर्थिक विश्लेषक बताते



है कि 2000रू. नोट पूरा नगद में 10.48त्र इसके रद्ध करने से जनता को कोई नुकसान नहीं.। यह गलत आंकलन है। हिंदुत्व फासीवादियों ने देश की अर्थ व्यवस्था को डिजिटल अर्थ व्यवस्था में बदलने के काम पर लगे है। खासकर अमिरिकी डिजिटल लेन-देन चलाने वाले कंपनियां और उनके संपर्क में रहे रिलियंस, अदानी, टाटा, वगैरह कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह नोट बंदी हुई है। इस नोट रद्ध के चलते बैंकों में डिपॉजिट का पैसा बढ़ेगी बढ़े हुए पैसे को बैंको ने कार्पोरेट कंपनियों को ऋण देगा। इसके साथ-साथ ई-कामर्स कंपनियों का व्यापार जोर पकड़ेगा। सेवा कर के रूप में उन कंपनियों का आमदनी बढेगी ।व कंपनियों के फायदे के लिए नोट बंदी किया है।यह, 90 प्रतिशत जनता को नुकसान देने वाला है। 2024 चुनाव के बाद भी अगर भाजपा सत्ता में आये तो नोट बंदी और भी करेगी।

## नम आंखों से दी विधायक जगदलपुर व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने अपने कांग्रेस साथियों सहित सैमुएल नाग को श्रद्धांजलि



**लक्ष्मण पिल्लेई की खबर**

यूथ कांग्रेस मीडिया प्रभारी युवा साथी सैमुएल नाग के आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही विधायक रेखचंद जैन अपने साथियों के साथ उनके निवास स्थान पहुंचकर दुख की इस घड़ी पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दुखित परिवार के सभी सदस्यों को इस दुख की घड़ी में ईश्वर पर विश्वास रखते हुए दुख को सहने के लिए ढाढस बनाए रखने के लिए कहा एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हर संभव मदद एवं साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस दुख की घड़ी में की घड़ी में इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका निगम, कविता साहू पार्षद कोमल सेना, सुखराम नाम, सूर्या पानी समन्वयक राजीव मितान सुशील मौर्य महामंत्री




जिला द्वय गौर नाथ नाग, अनवर खान, अजय बिशाई, सैमुअल नाथ, नीलम कश्यप, आशीष मिश्रा संजय फैजल नवी दस,अनुराग महतो,संदीप दास , महेश द्विवेदी, रामेश्वर सेठिया असीम सुता, तरनजीत, महेश ठाकुर, जाहिद खान, अभिषेक डेविड जॉर्ज टोप्पो ,एस नीला ,सादाब खान रवि चालकी , बिल्लू आदि उपस्थित रहे।

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में कैमेरा में पाया गया दुर्लभ माउस डियर

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

जगदलपुर। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा लगातर वन्यजीवो के संरक्षण के दिशा में कार्य करने से दुर्लभ प्रजातियों का रहवास सुरक्षित हुआ है। हाल ही में राष्ट्रीय उद्यान में दुर्लभ प्रजाती माउस डियर की तस्वीर कैमेरा ट्रेप में कैद हुई है। राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा स्थानीय युवाओं को पेट्रोलिंग गार्ड के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया गया है जिससे लगातार पेट्रोलिंग और मॉनिटरिंग कर वन्यजीवों के रहवास का संरक्षण किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय उद्यान से लगे ग्रामीणों की संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित होने से वन्य प्राणियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है । भारत में पाए जाने वाले हिरणों की 12 प्रजातियों में से माउस डियर विश्व में सबसे छोटे हिरण समूह में से एक है। भारतीय माउस डियर रहवास विषेश रूप से घने झाड़ियों वालो नमी वाले जंगलों में होता है। माउस डियर में चूहे- सुअर और हिरण के रूप और आकार का मिश्रण दिखाई देता है और बिना सींग वाले हिरण का एकमात्र समूह है। माउस डियर के शर्मीले व्यवहार और रात्रिकालीन गतिविधि के कारण इनमें विशेष रिसर्च नहीं हुआ है। मुख्य रूप से दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के उष्णकटिबंधीय नम पर्णपाती वनों में माउस डियर की उपस्थिति दर्ज़ हुई है।वनों में लगने वाली आग, बढ़ते हुए अतिक्रमण और शिकार के दबाव से भारतीय माउस डियर की आबादी को शायद गंभीर खतरे का सामना करना पड़ रहा है । वर्तमान में इन प्रजातियों को बचाने के प्रयास की आवश्यक्ता है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के संचालक श्री धम्मशील गणवीर ने बताया कि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में ऐसे वन्यजीव के लिए उपयुक्त रहवास होने से और राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण हेतु लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के प्रयास एवं स्थानीय लोगो के सहभागिता से माउस डियर जैसे दुर्लभ प्रजातियों की वापसी देखी जाने से राज्य शासन की वन्यजीव संरक्षण का उद्देश साकार हो रहा है।



## आर जी पी वी आठवें सेमेस्टर परिणाम में राधारमण के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी ई आठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में राधारमण समूह के विद्यार्थियों ने शानदार परीक्षा परिणाम हासिल किये किये हैं. घोषित परिणामों के मुताबिक राधारमण इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच में एमडी आबिद ने 8.9 कंप्यूटर साइंस में मृत्युंजय सिंह 8.77 मैकेनिकल इंजीनियरिंग में शमशेर आलम 8.67 सिविल इंजीनियरिंग में संदीप साहू ने 8.5 इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में मरगूब तनवीर 8.5 इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में कमर रेफाकत हुसैन 8.24अंक प्राप्त किए राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच के शोएब अख्तर ने 9.06 सीजीपीए प्राप्त कर समूह में टॉप किया। कंप्यूटर साइंस की छात्रा संदली रैकवार 8.94 मैकेनिकल में सागर कुमार ने 8.33 सिविल



इंजीनियरिंग में महेंद्र ने 8.67 एस जी पी ए अंक प्राप्त किया. इस उपलब्धि पर समूह के चेयरमेन आर आर सक्सेना ने कहा कि सफलता के उच्च आंकड़े पढ़ाई के प्रति हमारे फैकल्टी मेम्बर्स की गंभीरता और उनकी कड़ी मेहनत को प्रदर्शित करते हैं। आज के दौर में टीचिंग एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है और इस चुनौती को हमारे फैकल्टी मेम्बर्स बखूबी निभाते हैं। इसका कारण उनका न केवल अत्यंत उच्च शिक्षित होना है बल्कि मैनिट, भोपाल जैसे संस्थानों में शिक्षण का लंबा अनुभव भी है। फैकल्टी मेम्बर्स अपने अनुभव और वर्तमान दौर में इंडस्ट्री की जरूरत के मुताबिक विद्यार्थियों को तैयार करते हैं। इसका परिणाम न केवल विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में बल्कि उनके बेहतरीन प्लेसमेंट में भी दिखाई देता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में देश की प्रतिष्ठित मैगजीन इंडिया टुडे के आल इंडिया सर्वे में राधारमण समूह को देश में आठवां स्थान न्यूनतम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा श्रेणी में प्राप्त हुआ था।



## अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति का बैठक 03 जून को

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता/ अनूपपुर।** जिला अध्यक्ष प्रवीण चन्द्रवंशी ने प्रेस नोट जारी कर बताया है,कि 03 जून को अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति का बैठक मन्दाकनी होटल अनूपपुर में आयोजित किया जाना है। जिसमे जिले के सभी पत्रकार बंधू अपना आमूल्य समय निकालकर होटल मन्दाकनी में समय 1 बजे दोपहर को पहुंचने की कष्ट करेंगे । इस बैठक में अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति का सदस्यता फार्म भराया जाएगा एवं अनूपपुर जिले के कोतमा,अनूपपुर पुष्पराजगढ़,जैतहरी इन सभी ब्लाकों में अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति के ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया जाना है। कई मुद्धो को लेकर चर्चा किया जाना है। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय डल्लू कुमार सोनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहेगे जिसमें जिले के सभी पत्रकारों का अवाज बुलंद करेंगे और हम सभी पत्रकारो का मार्गदर्शन करेंगे।

## महाकाल लोक के निर्माण में अनियमितताओं की हो जांच,दोषी दंडित किए जाएं-फुंदेलाल सिंह मार्को

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**



अनूपपुर। विधायक पुष्पराजगढ़ एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष फुंदेलाल सिंह मार्को ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री से मांग की है कि उज्जैन में महाकाल लोक के निर्माण में गंभीर अनियमितता बरती गई है उसकी जांच कराई जाए एवं दोषी जनों को दंडित किया जाए। उन्होंने कहा कि आंधी चलने से देव प्रतिमाएं जमीन पर गिर गई।वह दृश्य किसी भी धार्मिक व्यक्ति के लिए अत्यंत करुण दृश्य है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जब उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर का भव्य निर्माण करने का संकल्प लिया था तब इस बात की कल्पना नहीं की थी कि बाद की सरकार महाकाल लोक के निर्माण में भी गंभीर अनियमितता करेगी। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि महाकाल लोक में जो प्रतिमाएं गिरी हैं,वहां नई प्रतिमाएं तुरंत स्थापित की जाएं और घटिया निर्माण करने वालों को जांच कर दंडित किया जाए।

# सफाई कर्मचारियों के हित में अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी संघ ने राज्य सफाई कर्मचारी आयोग को सौंपा ज्ञापन

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यवहक अध्यक्ष विवेक चमकेल द्वारा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ( कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) प्रताप करोसिया का माला और पुष्पगुच्छ से किया गया स्वागत। स्वागत के साथ ही राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर की गई ये मांगे
NPS को समाप्त कर पुरानी पैंशन योजना लागू की जाए।

- 240 दिन काम कर चुके कर्मचारी को नियमित किया जाए।
- समान कार्य का समान वेतन कानून बना कर ष्ठक्क्ष के माध्यम से पूरे मध्य प्रदेश मे लागू किया जाए।
- 4.नियमित होने वाले सफाई कार्य को ठेकेदारी से मुक्त किया जाए।
- महाराष्ट्र में लागू लाड पागे की समिती की रिपोर्ट को मध्य प्रदेश में भी लागू की जाए।
- सफाई कर्मचारी को आय कर से मुक्त किया जाए।
- सभी सफाई कर्मचारियों को केशलेस मेडिकल कार्ड दिए जाए।
- सभी शासकीय अर्धशासकीय विभागो में सफाई कर्मचारी के रिक्त पदों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया जाए।
- सफाई कर्मचारी पद के लिए सफाई पेसे से जुड़े समाज को विशेष आरक्षण दिया जाए।
- सफाई कार्य के पद में सामन्य का आरक्षण समाप्त किया जाए तथा सफाई कामगार को ही उस पद पर रखा जाए ।



इसके साथ ही स्वास्थ विभाग आउटसोर्स कर्मचारियों और नगर निगम के कर्मचारियो की समस्याओ से भी अवगत कराया गया । इस दौरान मुख्य रूप से अजीत कुमार चमकेल शहर अध्यक्ष (अ.भा. स.म.स.)अभिषेक समुंद्रे, कृष्ण प्रिय मैत्रेय, विष्णु भारती,हेमंत चमकेल,सुनील कुमार आर्य,अमित समुंद्रे,सुनील मोगरे, रवि चमकेल, संजय बक्शी,प्रियम समुंद्र,अमन मैत्रेय ,रोहन पंसारी ,आशीष भारती,सुनील ललाई, इंडो बक्शी,अनिकेत मैत्रेय,विष्णु बंसल , सतेंद्र मैत्रेय संदीप रजक, अनुराग इमलिया, रोहित साकेत, विश्वास पंसारी , विवेक साकेत, सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# विकराल रूपी लम्पी वायरस से प्रतिदिन जा रही गौवंशो कि जान,अन्य जिलों मे भी हजारों मामले

**लक्ष्मण पिल्लई की खबर**

विगत कुछ दिनों में नगर के आस पास और नगर के आड़ावाल, कुरंदी, परचनपाल,तेतरकुटी, कुम्हार पारा, हाटकचोरा, करकापाल, धरमपुरा, कोहकापाल एवं अन्य क्षेत्रों में लम्पी वायरस से पीड़ित गौवंश देखें गये जिनमें से कुछ गौवंशो को रेस्क्यू कर क्वारंटीन सेंटर परपा भिजवाया गया ! जिसमें से अधिक बीमार कुछ गौवंशो कि मृत्यु भी हो रही है साथ ही उचित देखभाल और उपचार के बाद गौवंशो में काफी सुधार भी देखा जा रहा है! यदि कोई पशुपालक स्वंय उपचार नहीं करवा पा रहे हैं तो बजरंग दल गौ रक्षा विभाग से सम्पर्क करें !



वाट्सऐप - 7415881200
मुन्ना बजरंगी
जिला गौ रक्षा प्रमुख
विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल
जिला बस्तर छत्तीसगढ़



# Sc/St/Obc के सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से सौंपा ज्ञापन

**प्रधान संपादक -नागेश नरवरिया**

भोपाल।आज दिनांक 29 मई 2023 को पुलिस अधीक्षक रायसेन को एससी एसटी ओबीसी के सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया। रायसेन जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों के लोगों पर आए दिन अन्याय, अत्याचार, शोषण, छुआछूत, हत्या एवं बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों की लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसमें शासन और प्रशासन संवेदनहीन नजर आता है। इसी को लेकर दिनांक 28 मई 2023 को सोनू अहिरवार आत्मज श्री बाबूलाल अहिरवार ग्राम परेवा, तहसील बरेली, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश की दबंग लोगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। जिसमें प्रशासन द्वारा अभी तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है और न ही अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिसको लेकर आज पुलिस अधीक्षक महोदय रायसेन को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में सामाजिक संगठन अहिरवार समाज संघ, ओबीसी महासभा, संविधान बचाओ मंच ,भीम सेना ,भीम आर्मी, अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन एवं जयस के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश अहिरवार, विशाल सिंह कुशवाहा, रमन बामने, डॉ धर्मेंद्र अहिरवार ,सुरेंद्र अहिरवार, प्रेमचंद अहिरवार, प्रेम नारायण ठाकरे



रुपेश अहिरवार, सूरजपाल, एवं अतर सिंह भारतीय सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। ज्ञापन मे माग कि गयी कि अपराधियो पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाये व अपराधियो को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन करेगे जिसमें कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## जिला राजगढ़ में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुआ एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन




**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन 2020 की अनुसंशा अनुसार प्रत्येक जिले में वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा अपने कनिष्ठ अधिकारीगण को वर्तमान तथा नवीन चुनौतियों के संबंध में लगातार 100 घंटे प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आदेशित किया गया है, उसी के तारतम्य में आज राजगढ़ जिला मुख्यालय पर श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के मार्गदर्शन तथा श्री मनकामना प्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम राजगढ़ में जिले के निरीक्षक, उप निरीक्षक तथा सहायक उप निरीक्षक के एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमे पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा वर्तमान चुनौतियों जैसे साइबर क्राइम, इंटरनेट फ्रॉड तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा महिला संबंधी अपराध तथा ह्यष ह्यह्ल से संबंधित अपराधो में वर्तमान में आ रही चुनौतियों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, इसी के साथ अजाक थाना प्रभारी श्री प्रकाश पटेल द्वारा राहत प्रकरण में आ रही चुनौतियों, महिला थाना प्रभारी श्री जेपी चौहान द्वारा महिला अपराध विवेचना के संबंध में तथा महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा वन स्टॉप सेंटर, पॉक्सो ड्डष्ह्ल, बाल विवाह, बाल कल्याण समिति के बारे में प्रक्षिशित किये गये। सेमीनार मे पुलिस अधीक्षक श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे), अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद, महिला सेल प्रभारी श्रीमती सनम बी खान, रक्षित निरीक्षक श्री रविकांत शुक्ला, निरीक्षक श्री प्रकाश पटेल, निरीक्षक श्री जय प्रकाश चौहान, महिला बाल विकास अधिकारी श्री श्याम बाबू खरे, बाल कल्याण समिति के अधिकारी सहित जिले के निरीक्षक, उप निरीक्षक, तथा सहायक उप निरीक्षक उपस्थित रहे।

# सूदखोरी के विरुद्ध रामनगर थाने के द्वारा बड़ी कार्यवाही

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

रामनगर। अनूपपुर जिले के रामनगर थानांतर्गत सूदखोरी के मामले में रामनगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्ति को उसके जीवन भर की गाढ़ी कमाई को वापस दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिनांक 26/05/2023 को शिकायतकर्ता बहादुर बैगा पिता धिरगज बैगा उम्र 61 वर्ष निवासी ईन्द्रानगर राजनगर के द्वारा लिखित शिकायत दी गई कि वह 5/6 खदान कालरी राजनगर से दिनांक 30/04/2022 को रिटार्यर हुआ था, जिसका फण्ड, ग्रेज्युटी, सी एम पी एफ, एल आई सी का पैसा उसके सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा न्यू राजनगर के खाते में 60 लाख रूपये आया। शिकायतकर्ता बहादुर बैगा, रामजी यादव निवासी ईन्द्रानगर राजनगर से किराना सामान एवं कर्ज में पैसा लिया था। जिससे रामजी यादव द्वारा उसे विश्वास मे लेकर धोखे से कई कोरे चेको में हस्ताक्षर कराकर उसके खाते से 27 लाख रूपये माह अप्रैल वर्ष 2022 से माह मई वर्ष 2023 तक 13 माह की अवधि में अपने खाता में धोखाधड़ी कर तथा फरियादी को धोखे में रखकर ट्रान्सफर कर हडप लिया था, कि शिकायत जांच पर थाना रामनगर में अपराध क्र0 161/23 धारा 420 ता.हि. 3, 4 म.प्र. ऋणियों का सरंक्षण अधिश एवं 3 (2) (ड्ड) एस सी/एस टी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। रामनगर पुलिस द्वारा आदिवासी व्यक्ति के पूरे जीवन भर की गाढ़ी कमाई को हडप लेने के कारण प्रकरण की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण की शीघ्रता से विवेचना की गई।



प्रेस नोट

सूदखोरी के द्वारा हडपे 27 लाख रूपये को 24 घण्टे के अन्दर रामनगर पुलिस ने किये जप्त

दिनांक - 26.05.2023

शिकायतकर्ता बहादुर बैगा पिता धिरगज बैगा उम्र 61 वर्ष निवासी ईन्द्रानगर राजनगर का शिकायत दिया कि यह 5/6 खदान कालरी राजनगर से दिनांक 30/04/2022 को रिटार्यर हुआ था जिसका फण्ड, ग्रेज्युटी, सीएमपीएफ, एलआईसी का पैसा उसके सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा न्यू राजनगर के खाते में 60 लाख रूपये आया । शिकायतकर्ता बहादुर बैगा, रामजी यादव निवासी ईन्द्रानगर राजनगर से किराना सामान एवं कर्ज में पैसा लिया था जिससे रामजी यादव द्वारा उसे विश्वास मे लेकर धोखे से कई कोरे चेको में हस्ताक्षर कराकर उसके खाते से 27 लाख रूपये माह अप्रैल वर्ष 2022 से माह मई वर्ष 2023 तक 13 माह की अवधि में अपने खाता में धोखाधडी कर तथा फरियादी को धोखे में रखकर ट्रान्सफर कर हडप लिया था, कि शिकायत जांच पर थाना रामनगर में **अपराध क्र0 161/23 धारा 420 ता.हि. 3,4 म0प्र0 ऋणियो का सरंक्षण अधि0 एवं 3(2)(VA) एससी/एसटी एक्ट** कायम कर विवेचना में लिया गया ।

रामनगर पुलिस द्वारा आदिवासी व्यक्ति के पूरे जीवन भर की गाढी कमाई को हडप लेने के कारण प्रकरण की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण की शीघ्रता से विवेचना की गई, बैंक से आवश्यक दस्तावेज लेन देन सम्बंधी प्राप्त किये गये तथा दिनांक 25.05.2023 को प्रकरण के आरोपी रामजी यादव पिता स्व0 जंगी यादव उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 13 ईन्द्रानगर राजनगर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ पर जुर्म करना स्वीकार किया तथा फरियादी का हडपा गया पैसा 27 लाख रूपये, 03 नग चेक एवं 01 पासबुक जप्त किया गया तथा आरोपी के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की गई। इस प्रकार रामनगर पुलिस द्वारा धोखाधडी व सूदखोरी के प्रकरण त्वरित कार्यवाही करते हुते 24 घण्टे के भीतर फरियादी का धोखाधडी पूर्वक लिये गये पैसे कुल 27 लाख रूपये जप्त किया गया ।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कोतमा सुश्री कीर्ति बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरी0 आर0के0 बैस के नेतृत्व में उपनिरी0 एस0एल0 मरावी, प्रआर0 84 सनत द्विवेदी, प्रआर0 122 संजीव त्रिपाठी, प्रआर0 129 अजमेर सिहं, प्रआर0 44 योगेन्द्र मिश्रा, आर0 309 राहुल प्रजापति, आर0 431 कपिलदेव चक्रवर्ती, चालक आर0 262 रिन्कू गोले के द्वारा कार्यवाही की गई ।




बैंक से आवश्यक दस्तावेज लेन देन सम्बंधी प्राप्त किये गये तथा दिनांक 25/05/2023 को प्रकरण के आरोपी रामजी यादव पिता स्व. जंगी यादव उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 13 ईन्द्रानगर राजनगर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ पर जुर्म करना स्वीकार किया तथा फरियादी का हडपा गया पैसा 27 लाख रूपये, 03 नग चेक एवं 01 पासबुक जप्त किया गया तथा आरोपी के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की गई। इस प्रकार रामनगर पुलिस द्वारा धोखाधडी व सूदखोरी के प्रकरण त्वरित कार्यवाही करते हुते 24 घण्टे के भीतर फरियादी का धोखाधडी पूर्वक लिये गये पैसे कुल 27 लाख रूपये जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के कुशल मार्गदर्शन एवं एस डी ओ पी कोतमा सुश्री कीर्ति बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरी. आर.के. बैस के नेतृत्व में उपनिरी0 एस0एल0 मरावी, प्रआर0 84 सनत द्विवेदी, प्र.आर. 122 संजीव त्रिपाठी, प्र.आर. 129 अजमेर सिहं, प्र.आर. 44 योगेन्द्र मिश्रा, आर. 309 राहुल प्रजापति, आर. 431 कपिलदेव चक्रवर्ती, चालक आर. 262 रिन्कू गोले के द्वारा कार्यवाही की गई ।

# 10 जून से लाडली बहनाओ के खाते में हर माह 1 हजार भेजेगी शिवराज सरकार- पूर्व विधायक प्रमिला सिंह

- **लाडली बहना योजना को लेकर महिला मोर्चे ने की पत्रकार वार्ता**
- **कांग्रेस के झूठ में ना आए जनता पिछले 15 माह की सरकार को याद करले –निभा गुप्ता**

**रोहित तिवारी (शहडोल)**




शहडोल। शहडोल नगर के होटल सूर्या इंटरनेशनल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रूप से भाजपा महिला नेत्री पूर्व विधायक श्रीमती प्रमिला सिंह भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता महामंत्री अंजुला नामदेव नगर अध्यक्ष नीलम चतुर्वेदी जी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया गया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और हमारे लाडले भैया श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाडली बहना योजना बहनों के मान, सम्मान और उनके स्वाभिमान की रक्षा के साथ उन्हें आर्थिक तौर पर सशक्त करने के लिए जो इतिहासिक संवेदनशील निर्णय लिया हे। उसके लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश की सभी लाडली बहनों की ओर से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का बहुत बहुत धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त करती हूं। पत्रकार वार्ता को प्रमुख रूप से भाजपा महिला नेत्री पूर्व विधायक श्रीमती प्रमिला सिंह भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता ने संबोधित किया इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती अंजुला नामदेव, नगर अध्यक्ष नीलम चतुर्वेदी ,भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी एवं जिला महामंत्री श्री संतोष लोहानी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री शीतल पोद्दार, श्री सुशील शर्मा ,एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्रीमती प्रमिला सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में लाडली बहनाओ को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए जो ऐतिहासिक संवेदनशील निर्णय मध्य प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री ने लिया है। निश्चित उसके प्रति मुख्यमंत्री जी के साथ पूरी मध्य प्रदेश की सरकार धन्यवाद की पात्र है। मध्य प्रदेश में शुरू की गई लाडली बहना योजना में प्रदेश की करीब 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाडली बहनों ने अपना पंजीयन कराया है। इसमें से सभी पात्र बहनों को 10 जून 2023 से उनके खातों में 1000 की राशि वन क्लिक के माध्यम से पहुंचना शुरू हो जाएगी। मध्य प्रदेश में महिलाओं के मान सम्मान के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक बड़ा निर्णय कुछ दिनों पूर्व लिया और प्रदेश के सभी शराब अहाते बंद किए गए । यह बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय मध्य प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, मान और सम्मान के लिए सरकार ने मूर्त रूप दिया है ।

लाडली बहना योजना में तहत 23 से 60 वर्ष तक की सभी लाडली बहनों के खातों में जून माह की 10 तारीख से हर माह ?1000 पहुंचना शुरू हो जायेंगे। इस योजना में विवाहिता महिलाओं के साथ कल्याणी, तलाकशुदा, परित्यक्ता बहनों को भी शामिल किया है, उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा। श्रीमती प्रमिला सिंह ने कहा कि लाडली बहनों के खाते में जब प्रतिमाह 1000 की राशि पहुंचेगी तो वे अपने परिवार की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में खर्च करेगी । हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर पल हर क्षण प्रतिबंध है । इसके लिए वर्ष 2023-24 के बजट में हमारी सरकार ने ?1 लाख 26 हजार 976 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है । लाडली बहना योजना के लिए बजट में आठ हजार करोड़ का प्रावधान किया है । इस योजना के पूर्व हमारी सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना शुरू की जो आज पूरे देश में चर्चा का विषय बनी है । लाडली लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की लाडली लक्ष्मी लाभान्वित हो रही है । एक समय था जब परिवार में बेटी का जन्म होता था तो उसे अभिशाप माना जाता था । मध्य प्रदेश की सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना शुरू कर इस अभिशाप को वरदान में बदला है । आज जब किसी भी घर मे बेटी का जन्म होता है तो परिवार में खुशियां मनाई जाती है। आज मध्यप्रदेश में बेटीया, लाडली बहनाए शिक्षा,स्वास्थ्य, सुरक्षा, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, व्यवसाय,खेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं ओर सफलता के झंडे गाड़ रही है। मप्र में उनके साथ किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता है । यही कारण है कि आज हमारी बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नौकरियों के क्षेत्र में,खेल के मैदान में,लाडली बहनाए विभिन्न सामाजिक,राजनीतिक, व्यवसाय आदि के क्षेत्रों में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही है ।

लाडली बेटियों बहनाओ के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कई योजना शुरू कर उनके मान सम्मान उनकी सुरक्षा का जिम्मा अपने ऊपर लिया है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्व सहायता समूह का गठन किया गया प्रदेश में अभी तक इन गठित समूहों की संख्या 46 लाख है सरकार ने इन्हें बढ़ाकर 65 लाख तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है । स्व सहायता समूह की आय ?10000 प्रति माह करने का लक्ष्य तय किया है । भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश में 2018 के चुनाव के पूर्व कांग्रेस ने महिलाओं से वादा किया था कि सरकार में आएंगे तो गैस सिलेंडर की कीमत ?100 कम करेंगे लेकिन सत्ता में आने के बाद भूल गए । आज एक बार फिर झूठे कांग्रेसी नारी सम्मान को लेकर दस्तावेज लेकर घर-घर महिलाओं के पास पहुंच रहे हैं तथा वादा कर रहे हैं कि वे सत्ता में आए तो गैस सिलेंडर ?500 में देंगे तथा नारी सम्मान योजना के तहत प्रति माह महिलाओं को 15 सो रुपए की राशि उनके खातों में पहुंचाई जाएगी इस कांग्रेस के झूट को लेकर श्री मती यादव ने कांग्रेसीयो से प्रश्न किया है कि राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों में आप की पार्टी की एवं सहयोगीयो की सरकार है जब वहां पर 5 साल से सरकार आपकी पार्टी की चल रही है तब वह महिलाओं को ?500 में गैस सिलेंडर तथा हर माह वहां की महिलाओं को ?1500 प्रतिमाह सम्मान निधि क्यों नहीं दी जा रही है,उक्त योजना वह क्यो शुरू नही की ? क्योकि यह सब एक छलावा है,उन्हें केवल झूठ के सहारे वोट लेना है। लेकिन मप्र का मतदाता,महिलाएं पढ़ी लिखी है,वो सब समझती है,अब कोई इनके झूठ में, झांसे मे प्रदेश की जनता और ना ही प्रदेश की महिलाएं आने वाली है। श्रीमती निभा गुप्ता ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है वहां घरेलू गैस सिलेंडर का भाव 1174 रुपए तथा राजस्थान में 1140 रुपये है,वहा 500 रुपये में गैस सिलेंडर क्यो नही दे रहे है। पहले कांग्रेस इसका जवाब दे। शराबबंदी को लेकर भी कांग्रेस ने वादा किया था कि वे शराबबंदी करेंगे लेकिन सत्ता में आने के बाद सत्ता के नशे में चूर हो कर शराबबंदी का वादा भूल गए । इसी तरह महिला समूहो पर जो 12 सौ करोड़ का ऋण चुकाने का वादा किया था उसमें से केवल सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने करोड़ का कर्ज चुका कर वादे को भूल गई । कालेज की छात्राओं को मुफ्त शिक्षा का वादा किया था वो भी भूल गई । महिला स्व सहायता समूह जो आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनना चाहते थे, लेकिन उनके इस सपने पर भी कांग्रेस की सरकार ने कुठाराघात किया तथा सहायता समूह से रेडी टू ईट का काम भी उनसे छीन लिया गया । अब कांग्रेसी महिला सम्मान योजना का वचन दे रही है। श्रीमती निभा गुप्ता ने मध्य प्रदेश की समस्त महिलाओं को सचेत किया है कि एक बार फिर कांग्रेस आपको झूठ के झांसे में फंसा कर महिलाओं को साइबर अपराध की ओर धकेल रही है । उसको लेकर उन्होंने उदाहरण दिया कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में आने के लिए तड़प रही हैं। नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को सत्ता में आने के बाद प्रतिमाह 15 सो रुपए देने की बात कह रही है और उसको लेकर गांव गांव गली-गली जाकर महिलाओं से फार्म भरे जा रहे है तथा फार्म भरने के नाम पर उनसे उनके गोपनीय दस्तावेज मांगे जा रहे है। श्रीमती गुप्ता ने समस्त महिला को आगाह किया कि वे इन कांग्रेसियों के झूठ के झांसे में ना आये तथा अपना कोई भी गोपनीय दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, अपना मोबाइल का नंबर, सिम कार्ड या अन्य कोई भी दस्तावेज ना दें क्योंकि यह दस्तावेज सार्वजनिक होने के बाद कभी भी सायबर फ्राड की संभावनाएं बढ़ जाती है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती नीलम चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# महेश वंदना एवं आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया महेश नवमी उत्सव

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**





अनूपपुर।महेश नवमी का उत्सव माहेश्वरी समाज ने काफी धूमधाम,आकर्षण कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ मनाया।इस अवसर पर समाज के सभी वर्ग के लोग अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।होटल लेवल वन आहूजा मार्केट में एकत्रित होकर शहडोल संभाग के सभी महेश्वरी समाज के लोग अपने इष्ट देव भगवान महेश जी की पूजा,अर्चना एवं आरती की। तत्पश्चात ओम जय शिव ओंकारा महेश आरती से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।फिर गणेश वंदना,महेश वंदना,स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।महिला मंडल द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई।जिसमें छोटी-छोटी बच्चियों एवं महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।हाउजी गेम्स, ताश का गेम्स का समाज के लोगों ने काफी लुत्फ उठाया।माहेश्वरी समाज में नए आए लोगों का स्वागत किया गया।पुरुष एवं महिला जिला,नगर, प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय एवं स्वागत किया गया।साथ ही 50वीं शादी की सालगिरह पर बेमिसाल जोड़ी एम.एल. मंत्री जी एवं कमल मूंदड़ा जी को सपत्निक मंच पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अच्छी प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।ज्ञातव्य हो कि भगवान शिव व पार्वती को समर्पित महेश नवमीं को माहेश्वरी समाज वंशोत्तपत्ति दिवस के रूप में मनाता है।बताया गया कि हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को महेश नवमीं मनाया जाता है।मान्यता है कि इस दिन भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।माहेश्वरी समाज के सभी पुरुष,महिलाएं,बच्चे सुबह से ही एकत्रित होकर भगवान महेश की बड़े ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना कर आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया।लजीज व्यंजन के साथ दोपहर का भोजन फिर अंताक्षरी के कार्यक्रम के साथ ही शाम को चाय बिस्किट के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शहडोल–जयसिंहनगर के एक ही परिवार के तीन बच्चियों के गुम या किडनैप होने का मामला सामने आया

**रोहित तिवारी (शहडोल)**


शहडोल। शहडोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयसिंहनगर थाना में एक ही परिवार के 3 बच्चियां वैष्णवी केवट पिता राजकुमार केवट आयु 15 वर्ष नेहा केवट आयु 19 वर्ष पूजा केवट लगभग आयु 20 वर्ष पिता रवि शंकर केवट फूलमती रोड वार्ड नंबर 13 जयसिंहनगर 26 मई 2023 दोपहर लगभग 2=30 बजे अपने सहेली के यहां जाने की बात कह कर घर से निकले उसके बाद अभी तक घर वापस नहीं आए उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है परिजनों के ढूंढने पर कोई जानकारी हासिल नहीं हुई जिस पर उन्होंने थाना जयसिंहनगर शिकायत दर्ज की जिसका पता नहीं चल पाया। 27 मई 2023 को शहडोल मुख्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए परिजनों ने उचित कार्यवाही करने की मांग की और जो उन तीन बच्चियों को बहला-फुसलाकर ले गए उन आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है।



# अमीरों का गरीबी रेखा सूची में नाम जो हर महीने लाखों को करते हैं व्यापार

**अमित कुमार**

कोतमा। अनूपपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत फुलकोना में अमीरों के नाम बीपीएल सूची में नाम जुड़ा हुआ है और लंबे समय से शासन की आंख में धूल झोंक कर लाभ उठा रहे हैं और इनकी आए देखा जाए तो हर महीने की कई लाखों का व्यवसाय चल रहा है जो फुलवारी टोला वन विभाग के जमीन पर लंबा चौड़ा अतिक्रमण करके मेन रोड में कपड़ा की दुकान हार्डवेयर की दुकान एवं किराना की दुकान संचालित है और कई एकड़ इनके पास जमीन भी है पर आज वन विभाग की जमीन पर लंबा चौड़ा अतिक्रमण करके लाखों का व्यवसाय फुलवारी टोला में धड़ल्ले से बिना जीएसटी के चला रहे हैं और दो चार पहिया वाहन भी मौजूद है तो फिर यह कैसे हुए गरीबी रेखा के पात्र, यह तो सोचनीय सवाल है और इस पंचायत में आज भी ऐसे गरीब परिवार हैं जिनका बीपीएल सूची में नाम तक नहीं जुड़ा हुआ है जो वास्तविक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे उनका ना ही कोई सुनने वाला है और ना ही कोई देखने वाला है? साथ ही एक भी जमीन नहीं है पर इस पंचायत में देखा जाए तो जिसके पास जमीन अचल संपत्ति और वन विभाग के जमीन में अपनी दबंगई के साथ लंबा चौड़ा अतिक्रमण करके हर महीने कई लाखों का बिजनेस चला रहे वह गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वा कर हर माह गरीब जनता के हक पर डाका डाल रहे हैं जिनकी समग्र आईडी नंबर 26968157 है और मुखिया का नाम श्यामकली गुप्ता पति रामू गुप्ता गरीब बनकर हर महीने शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। कार्यवाही ना होने से दिन प्रतिदिन इनका हौसला बढ़ता ही जा रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागीय अधिकारी कर्मचारी आंखे मूंदे हुये हैं? देखा जाय तो यह गौर करने का विषय है कि शासन ने जिन गरीब जनता के लिए गरीबी रेखा कार्ड का संचालन किया है उनमें से आज अधिकांश पात्र जन गरीबी रेखा कार्ड बनवाये जाने को लेकर निशदिन यहाँ वहाँ किसी ना किसी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी कर्मचारी के चक्कर काटते साफ नजर आते हैं कई तो थक हार के जहाँ के तहाँ बैठ चुके जिनके भीतर मौजूदा सरकार के प्नति नाराजगी भी साफ देखी जा सकती है?उक्ताशय में अगर ध्यानाकर्षण करे तो जिले के कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चाहे नगरीय या ग्रामीण क्षेत्र कहीं भी हो हर जगह इस तरह के अनेको मामले देखे जा सकते हैं जिस ओर शायद शासन या शासन का जिम्मेदार विभाग भी सबकुछ जानकर भी कुछ करना नहीं चाहता जिससे पात्र जनो को छोड़ अपात्र जनो को गरीबी रेखा कार्ड का फायदा मिल रहा? अब देखने की बात तो यह है कि आखिर कब सही रुप से पात्र हितग्राही लाभान्वित हो पायेंगे या फिर सरकार किसी की भी हो ऐसा ही चलता रहेगा? वहीं सूत्रों की माने तो गरीबी रेखा कार्ड का पात्र हितग्राही वही बनता है जो कार्ड जारी करने वाले जिम्मेदार को मोटा चढ़ावा चढ़ाता हो? उसी पर साहब कार्ड जारी करने की मेहरबानी करते हैं फिर चाहे वह पात्र हो या अपात्र विभाग के जिम्मेदार साहब को इस बात कोई मतलब नहीं? तो ऐसा कब तलक चलेगा? क्या कभी शासन के आलाधिकारी इस ओर भी ध्यान देते हुये उचित कोई ठोस कार्यवाही करने की जहमत उठायेंगे या इसमें भी भ्रष्टाचार होने देंगे?



# एमपी बोर्ड में की कक्षा 12वी में पायल अहिरवार ने 94.6% अंक लाकर जिले में प्राप्त किया तीसरा स्थान

संवाददाता देवरी से हल्के वीर

मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश सरकार इस बार 78 हजार लैपटॉप वितरण कर रही है, यह लैपटॉप विनर अपने आप में एक अलग ही छवि बनाए हुए हैं। ऐसा ही मामला चीचली गाडरवारा से आया है यहां पर सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा पायल अहिरवार ने कक्षा 12वीं में 94.6त्र बनाकर अपने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आपको बता दें कि पायल अहिरवार विज्ञान विषय की छात्रा हैं जिन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। पायल के पिताजी श्री रमेश अहिरवार सामान्य से परिवार से ताल्लुक रखते हैं उन्होंने अपनी बेटी को लगन से पढ़ाया और बेटी ने समाज, माता पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया। पायल ने बताया कि वह आगे चलकर एमपीपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहेगी, जिससे कि देश और मध्य प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। पायल अहिरवार की इस बड़ी उपलब्धि के लिए स्थानीय लोगों ने तथा गुरुजनों ने उन्हें बधाईयां दी।



# उदयपुरा के वरिष्ठ समाज सेवी रमन बामने जी का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन।



हल्के वीर देवरी

जहां समाज आजादी के 75 साल बाद भी दलदल में फंसा हुआ है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग समाज को दलदल से निकालने का काम करते हैं ऐसा ही मामला उदयपुरा तहसील का है, जहां पर वरिष्ठ समाज सेवी रमन बामने जी के जन्म दिन 1 जून 2023 को पूरे रायसेन जिले में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय वरिष्ठ जनो, गणमान्य जनो , युवा साथियों मित्रों,स्नेही जनो ने तथा अन्य बाहरी संम्मानित जनो ने बधाइयां दी 7 समाज का एक जाना पहचाना चेहरा होने के कारण आदरणीय बामने जी को लोग बहुत ही प्यार करते हैं, जगह जगह पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी एवं सतगुरु रविदास जी महाराज जी के स्थान पर बामने जी का जन्मदिन मनाया गया जिसमें स्थानीय लोग शामिल हुए और बधाइयां प्रेषित की सोशल मीडिया के माध्यम से हजारों लोगों ने उन्हें बधाइयां दी। सभी संम्मानित जनो उनकी दीर्घायु की कामना की।

# अमरकंटक से खींची गई सुपरनोवा की दुर्लभ तस्वीर




वीरेंद्र कुमार गुप्ता की खास खबर

देवल सिंह के द्वारा पूर्व में अमरकंटक की धरती से ली गई अंतरिक्ष की कुछ और तस्वीरें पिनवील गैलेक्सी में घटित हुए सुपरनोवा की तस्वीर खोज के समय के पूर्व ही, अमरकंटक में नगरीय प्रशासन विभाग में उपयंत्री के पद पर पदस्थ देवल सिंह द्वारा खींची गई है । यह एक टाइप 2 सुपरनोवा है । अंतरिक्ष में होने वाले सबसे भयानक विस्फोट के कारण सुपरनोवा का निर्माण होता है ।जब कोई तारा अपने जीवन चक्र के अंतिम पड़ाव पर होता है और उसका द्रव्यमान सूर्य के द्रव्यमान से न्यूनतम आठ गुना से अधिक होता है, तथा तारे के जीवनकाल में उसका द्रव्यमान लगातार उसके केंद्र में न्यूक्लियर फिशन के प्रक्रिया के तहत में इकट्ठा होकर लौह कोर के रूप में निर्मित होता रहता है। जिस समय तारा अपने केंद्र में इतना द्रव्यमान संचायित कर लेता है की वह अपने ही द्रव्यमान को नियंत्रित नहीं कर सकता तो सुपरनोवा के रूप में प्रस्फुटित हो जाता है। जिससे अत्यधिक मात्रा में ऊर्जा तथा द्रव्यमान अंतरिक्ष में फैल जाता है जिसके कारण यह अत्यधिक चमकीला दिखाई देता है । यह बहुत ही दुर्लभ और विशालतम खगोलीय घटना मानी जाती है । इसी प्रकार की घटना दिनांक 18 और 19 मई के बीच हमारी पृथ्वी से लगभग 2 करोड़ 87 लाख प्रकाशवर्ष दूर पिनवील गैलेक्सी (मेसियर 101) में घटित होते हुए अमरकंटक की पावन धरती से दर्ज की गई। इस सुपरनोवा को एसएन2023ढ्ढङ्क्ष नाम दिया गया है । उल्लेखनीय है की इस सुपरनोवा की खोज जापान के खगोलविद के. इतागकी द्वारा सर्वप्रथम 19 मई को की गई , परंतु अमरकंटक जिला अनूपपुर में नगरीय प्रशासन विभाग में उपयंत्री के पद पदस्थ श्री देवल सिंह ने इस खोज के पूर्व ही सुपरनोवा अपने इमेजिंग टेलीस्कोप से ऑब्जर्व कर लिया था। श्री सिंह के द्वारा खोज के पूर्व ही खींची गई सुपरनोवा की फोटो का प्रमाणीकरण देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित वेधशालाओं के टेलीस्कोपिक सिस्टम्स से किया गया । और दिनांक 25 मई 2023 को यह प्रीड्डिस्कवरी ÷एस्ट्रोनॉमर्स टेलीग्राम मे प्रकाशित की गई । श्री सिंह जो की पेशे से एक सिविल इंजीनियर हैं तथा नगरीय प्रशाशन विभाग में उपयंत्री के रूप में अमरकंटक में वर्तमान में पदस्थ हैं, एक एमेचर एस्ट्रोफोटग्राफर हैं जो की अपने इमेजिंग टेलिस्कोप से अंतरिक्ष की दुर्लभ तस्वीरें खींचते हैं। श्री सिंह के द्वारा बताया गया की वो दिनांक 18 मई और 19 मई को पिनेहील गैलेक्सी की तस्वीरें खींच रहे थे जिस समय संयोगवश यह सुपरनोवा ऑब्जर्व उनके द्वारा किया गया। श्री सिंह ने बताया कि अमरकंटक का लाइट पॉल्यूशन लेवल सिटी सेंटर में बोर्टल स्केल पर 3 से 4 के बीच है , तथा सिटी सेंटर से 3 किलोमीटर दूर ही बोर्टल 1 से 2 के बीच प्राप्त होता है जिसके कारण अमरकंटक इसस्टार्गेजिंग तथा खगोलीय ऑब्जर्वेशन हेतु एक बेहतरीन स्थान है। अमरकंटक का स्काई क्वालिटी मैग्नीट्यूड 21.67 के आसपास है, जो की इसे खगोलीय ऑब्जर्वेशन हेतु आदर्श स्थल है।



# एक आदेश के चलते नौकरी से बेदखल हुए 85 सुरक्षाकर्मी

रोहित तिवारी (शहडोल)




अनूपपुर। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में बीते 15 तारीख से आधा सैकड़ा से भी ज्यादा सुरक्षा में तैनात कर्मी हड़ताल पर बैठे हुए हैं वरिष्ठ कार्यालय से आए आदेश के चलते इन्हें आप सुरक्षा से हटाकर नौकरी से बेदखल कर दिया गया है ऐसा करने से इनके परिवार के सामने भूखे मरने तक की नौमत आ पड़ी है, लेकिन प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पत्र क्रमांक 597ड्ड1900 मु0सु0अ0म0प्र0पा0ज0क0 के संबंध में जारी हुए पत्र के चलते चाचाई पॉवर प्लांट चाचाई की सुरक्षा में तैनात सिपाहियों को सुरक्षा से हटाकर उन्हें नौकरी से बेदखल कर दिया गया है इतना ही नहीं बीते 4 से 5 माह का वेतन भी नहीं दिया गया है जिसके चलते अब वह प्लांट के सामने ही बीते 15 तारीख से धरने पर बैठे हुए हैं और यह धरना अनिश्चितकालीन तक चलना बताया जा रहा है। हड़ताल पर बैठे कर्मियों ने बताया कि अब प्लांट की सुरक्षा के लिए रिटायर फौजियों को रखने का आदेश हुआ है जिसके चलते उनके सामने रोजी-रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है, जबकि प्लांट की सुरक्षा में यह कर्मी भी दिन-रात बगैर किसी हथियार के अपनी ड्यूटी करते आ रहे हैं। हड़ताल में जाने के चलते 80 से 85 मजदूर मजदूर धरने में बैठने के चलते उनके परिवारों की रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ है काफी समय से यह मजदूर अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में अपनी ड्यूटी देते आ रहे थे। हड़ताल में बैठे सुरक्षा सैनिकों एवं सशस्त्र सैनिकों ने बताया कि बिना किसी सूचना दिए अवैधानिक तरीके से उन्हें पद से निकाल दिया गया है एवं जनवरी से लेकर अप्रैल तक वेतन भी भुगतान भी उन्हें आप्राप्त है जिसमें पीएफ बोनस की अन्य भत्ते भी शामिल है इसके चलते उनके सामने धरने में जाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा था। ऐसे में जिला प्रशासन को इस तरह भी उचित कार्यवाही करते हुए धरने पर बैठे कर्मियों को राहत दिलाने का काम करना चाहिए।

# कांग्रेश की नारी सम्मान योजना के मिस कॉल नंबर का कांग्रेस जन प्रचार- प्रसार करें-आशीष त्रिपाठी

वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)



अनूपपुर । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आशीष त्रिपाठी ने कांग्रेश जनों से अपील की है कि कांग्रेश के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी (पूर्व मुख्यमंत्री) द्वारा दिनांक 9 मई 2023 को 'नारी सम्मान योजना का शुभारम्भ किया गया था।उसी दिन प्रदेश भर में भी जिलेवार नारी सम्मान योजना प्रारंभ की गई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नारी सम्मान योजना को व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के लिए डोर-टू-डोर के माध्यम से फॉर्म भरवाए जाने की प्रक्रिया चालू है,जिसकी लोगों के बीच में काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी योजना को और विस्तार देने के लिए पार्टी द्वारा एक मिस्ड कॉल (7069001234) नंबर जारी किया गया है,फॉर्म भरने के बाद इस नंबर पर महिला से मिस्ड कॉल करवाया जाए।इस नंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक प्रसारित किया जाए इस नंबर पर मिस्ड कॉल करने से तुरंत ही पार्टी की तरफ से एक मेसेज प्राप्त होता है और प्रत्युत्तर में दुसरे कॉल में कमल नाथ जी की आवाज़ में योजना से जुड़ने पर एक धन्यवाद सन्देश प्राप्त होता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी ने कहा है कि फॉर्म भरवाने के साथ साथ इस नंबर पर भी अधिक से अधिक मिस्ड कॉल करवाया जाए जिससे इस योजना को और अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।

### शुभमन गिल बोले- मेरी कड़ी मेहनत सही दिशा में जा रही है

# IPL जीतकर धोनी बोले- आज रिटायरमेंट का ऐलान आसान होता-अगली बार के लिए कड़ी मेहनत मुश्किल



**नई दिल्ली**

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने पांचवीं बार IPL खिताब जीता है। इस जीत के बाद 41 साल के धोनी ने संन्यास लेने की अटकलों पर फिलहाल दरकिनार कर दिया। उन्होंने कहा- CSK के फैंस से मुझे जितना प्यार मिला है, उनके लिए एक और सीजन खेलना का तोहफा होगा।

फाइनल में हार के बाद गुजरात टाइटंस (GT) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने धोनी को लेकर कहा, मैं उनके लिए बहुत खुश हूं, उनके लिए किस्मत ने ऐसा लिखा था।

ट्रॉफी जीतने के बाद सोमवार देर रात धोनी ने कहा- अगर आप मौका देखें तो रिटायरमेंट की घोषणा के लिए ये सबसे अच्छा समय है। मेरे लिए सबको धन्यवाद देते हुए रिटायर होना आसान है। जबकि 9 महीने कड़ी मेहनत करना और एक और IPL सीजन खेलना मुश्किल काम है। ये मेरी ओर से तोहफा होगा। ये मेरी बॉडी के लिए आसान नहीं होगा।

ट्रॉफी जीतने के बाद कॉमेंटेटर हर्षा भोगले ने धोनी से पूछा कि क्या ये आपका आखिरी सीजन था धोनी ने कहा- फिटनेस सही रखनी पड़ती है। पिछले साल डेब्यू सीजन में गुजरात को खिताब दिलाने वाले हार्दिक ने फाइनल में हार के बाद कहा, मैं उनके (धोनी) लिए बहुत खुश हूं। किस्मत ने उसके लिए यही लिखा था। उन्होंने कहा, 'अगर मुझे हारना है, तो उनसे हारने में कोई दिक्कत नहीं है। अच्छे लोगों के साथ अच्छी चीजें होती हैं और वो उन सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं जिन्हें मैं जानता हूं। भगवान मुझ पर भी मेहरबान रहे हैं, लेकिन आज रात उनकी थी।' जीत के बाद रविंद्र जडेजा ने ट्वीट किया, ये हमने केवल और केवल एमएस धोनी के लिए किया। माही भाई आपके लिए तो कुछ भी। जडेजा ने धोनी और अपनी पत्नी रिवाबा के साथ फोटोज भी ट्वीट की हैं। इनमें सभी ट्रॉफी के साथ नजर आ रहे हैं। IPL में ऑरेंज कैप यानी सबसे ज्यादा रन बनाने का खिताब जीतने वाले GT के बैटर शुभमन गिल ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने जितनी भी कड़ी मेहनत की है, वह सही दिशा में जा रही है। हम फाइनल नहीं जीत पाए, लेकिन यह एक शानदार मैच था। मैं शुरू में 40-50 रन बना रहा था और टूर्नामेंट के आखीर में मैंने इन्हें बड़े स्कोर में कनवर्ट किया। लास्ट ओवर्स के लिए मैंने अपनी टेक्नीक चेंज की और यह फायदेमंद रहा।

### इरफान पठान ने जडेजा, कैफ ने रायडू के अहम योगदान को सराहा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को जीत दिलाने वाले ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा की जमकर प्रशंसा की है। पठान ने कहा, सर जडेजा को सलाम। उन्होंने कठिन हालातमें सीएसके के लिए अहम भूमिका निभाई और अपनी टीम को पांचवें आईपीएल खिताब तक पहुंचाया। एक समय जब लग रहा था कि मैच सीएसके के हाथ से निकल गया है तब जडेजा ने अपनी प्रदर्शन से सभी निराशाओं को पीछे छोड़ दिया। गुजरात के बेटे ने अंतिम दो गेंदों पर चेन्नई की टीम के लिए जीत हासिल की। वहीं पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने सीएसके के अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायडू के अहम योगदान को सराहा है। रायडू ने फाइनल से पहले टूर्नामेंट से संन्यास की घोषणा की थी। अपने आखिरी मैच में, रायडू ने 8 गेंदों में 19 रन बनाकर अपीन टीम की जीत की उम्मीदें जगायीं। रायुडू की यह पारी मैच बदलने वाला क्षण थी।

## डु प्लेसिस, कॉनवे सहित इन पांच बल्लेबाजों ने आईपीएल में सबसे अधिक रन बनाये





**अहमदाबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने गुजरात टाइटंस को हराकर खिताब जीता है। इस मैच में गुजरात के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की।

**फाफ डु प्लेसिस** - रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम के कप्तान फाफ डू प्लेसिस इस सूची में दूसरे नंबर पर हैं। फाफ ने 14 मैचों में 56.15 की औसत और 153.68 की स्ट्राइक रेट से 730 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने सबसे ज्यादा 8 अर्धशतक लगाए। 84 रन उनका सीजन का सबसे अधिक स्कोर था।

**डेवोन कॉनवे** -वहीं इस सूची में सीएसके के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉननो फाइनल में 25 गेंदों पर 47 रन बनाकर सबसे अधिक रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी रहे। कॉनवे ने सीजन के दौरान 16 मैचों में 51.69 की औसत और 139.70 की स्ट्राइक रेट से 672 रन भी बनाए। उन्होंने ये रन बनाते हुए 6 अर्धशतक भी लगाए हैं। सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 92 रन था।

**विराट कोहली** -आरसीबी टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सबसे अधिक रनों के मामले में चौथे नंबर पर हैं। विराट ने 14 मैचों में बल्लेबाजी करते हुए 53.25 की औसत से 639 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 2 शतक और 6 अर्धशतक लगाए हैं। इस बीच, उन्होंने 139.82 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 101 रन है।

**यशस्वी जायसवाल** - युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान प्रभावित किया है। यशस्वी ने विश्व भर के दिग्गज क्रिकेटरों का ध्यान आकर्षित करते हुए उनकी प्रशंसा की है। इस युवा बल्लेबाज ने इस सत्र में 14 मैचों में 48.08 की औसत और 163.61 की स्ट्राइक रेट से 625 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं।

# व्यापार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3730-3760, खोपरा गोला 120-145, खोपरा बूरा 2000-4000 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 505-510, ऊंझा हल्का 515-525, मीडियम 520-525, बेस्ट 530-540, हल्दी निजामाबाद 130-140, सांगली 170-175, साबूदाना हल्का 6600-6700, मीडियम 6750-6850, बेस्ट 7450-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 220-223, मीडियम 240-256, बेस्ट 288-290, सौंफ बारि?क 190-225, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 725-750, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1350-1360, मैदा कट्टा 1360-1370, रवा कट्टा 1390-1400, बेसन 3350 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1300-1400, (160) 1500-1600, (200) 1550-1650, (250) 1700-1750

**तेल :-** सींगदाना 1580-1600, मुम्बई 1610, राजकोट तेलिया 2550, सोया साल्वेंट 860-865, सोया रिफाइंड 905-910, कपास्या 820-825, धूलिया 830, कड़ी 835,

**दाल :-** चना दाल एवरेज 6650-6750, बेस्ट 7000-7200, तुअर दाल सवा नं. 11300-11400, तुअर दाल फूल 11700-11800, तुअर दाल बोल्ड 12700-13400, मसूर दाल एवरेज 7100-7200, बेस्ट 7300-7400, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9700-9800,

### नोटिस फिनटेक एग्रीगेटर और एडटेक सहित सभी तरह की स्टार्टअप को भेजे गए

## स्टार्टअप में आए बेहिसाब निवेश पर आयकर विभाग ने भेजे नोटिस

**नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने कुछ प्रमुख यूनिकॉर्न सहित कई स्टार्टअप को वित्त वर्ष 2019 से 2021 के बीच आए बिना हिसाब के निवेश पर नोटिस भेजे हैं। ये नोटिस फिनटेक एग्रीगेटर और एडटेक सहित सभी तरह की स्टार्टअप को भेजे गए हैं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि नोटिस में आयकर कानून की धारा 68 के तहत निवेश के स्रोत और प्रकृति की जानकारी मांगी गई है। 100 करोड़ रुपए या इससे अधिक के प्रत्येक निवेश की जांच की जा रही है मगर यह पता नहीं चला कि कुल कितने निवेश की पड़ताल की जा रही है। आयकर की धारा 68 के तहत उन मामलों की जांच की जाती है, जिनमें करदाताओं के खातों में बेहिसाब धन जमा होता है और जिस धन के स्रोत




की जानकारी वे नहीं दे पाते। इस धारा का इस्तेमाल आम तौर पर शेयर जारी करने वालों की पहचान, साख और वास्तविकता का पता लगाने के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ नोटिस विदेशी निवेशकों की स्थानीय हिस्सेदारी, निर्धारित मूल्यांकन और निवेशकों द्वारा लिए गए ऋण के उद्देश्य के बारे में भी जारी किए गए हैं। कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सहायक इकाइयों को प्रवर्तक फर्मों से प्राप्त धन के संबंध में भी सवाल पूछे गए हैं।

मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा ?कि पैसों की राउंड-ट्रिपिंग (रकम को देश से बाहर भेजना और उसी रकम को विदेशी निवेश के रूप में वापस हासिल करना) के बढ़ते खतरे को देखते हुए सफाई मांगी जा रही है। इसी वजह से प्रवासी निवेशकों को भी ऐंजल कर के दायरे में लाया गया है। अधिकारी कहा कि नियामकीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए ऐंजल कर से रियायत की सूची तैयार की गई है। 21 देशों के सॉवरिन वेल्थ फंड, पेंशन फंड और सेबी में पंजीकृत पोर्टफोलियो निवेशकों को ऐंजल कर के प्रावधानों से छूट दी जाएगी क्योंकि ये विनियमित इकाइयां हैं लेकिन इन देशों की कंपनियां पूरी तरह विनियमित नहीं होती हैं क्योंकि इन देशों में फर्म शुरू करना आसान होता है।

### भेल को 2022-23 में मिले 23,548 करोड़ के नए ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को बीते वित्त वर्ष में 23,548 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। यह इससे पूर्व वित्त वर्ष के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक है। भेल को 2021-22 में 20,078 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले थे। कंपनी ने कहा कि भेल ने बिजली, उद्योग और निर्यात क्षेत्रों में 23,548 करोड़ रुपए मूल्य के ऑर्डर हासिल किये। इसके साथ कंपनी के कुल ऑर्डर वित्त वर्ष के अंत में 91,336 करोड़ रुपए से अधिक के रहे। भेल ने कहा कि अप्रैल, 2023 में वंदे भारत ट्रेनसेट के ऑर्डर के साथ कुल ऑर्डर एक लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है।

### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ ही 82.69 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे नीचे आकर 82.67 के स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत में गिरावट और विदेशी कोषों की लिवाली ने रुपए की गिरावट को सीमित किया।

## जियो सिनेमा पर IPL का फाइनल मैच 3.2 करोड़ लोगों ने देखा, टूटा रिकॉर्ड

**मुंबई**

आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2023 के आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर जियो सिनेमा ने सोमवार को वर्ल्ड डिजिटल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

आईपीएल का फाइनल मैच 3.2 करोड़ लोगों ने एक साथ देखा, जो दुनिया में लाइव स्ट्रीमिंग इवेंट का सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। आईपीएल 2023 के क्वालीफायर 2 के दौरान, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच पहली पारी में शुभमन गिल द्वारा शानदार शतक देखने के लिए जियो सिनेमा पर एक साथ 2.57 करोड़ दर्शक मैच देखने आए, जो एक रिकॉर्ड बन गया था। आईपीएल के पूर्व डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर डिज्नी हॉटस्टार ने जुलाई 2019 में एक क्रिकेट मैच के लिए एक साथ 2.5 करोड़ से अधिक दर्शकों को आकर्षित किया था। यह रिकॉर्ड कई सालों तक कोई तोड़ नहीं सका था। इतना ही नहीं, 17 अप्रैल को, लगभग 2.4 करोड़ दर्शक एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से हाई ऑक्टेन रन चेज के खिलाफ धोनी की सीएसके को सपोर्ट करने के लिए एक साथ आए। जियो सिनेमा ने डिजिटल स्पोर्ट्स व्यूइंग की दुनिया में ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)